सार-समाचार

भीम आर्मी ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

उदयपुर,(कासं)। पिछले दिनों अलवर तिजारा पुलिये के ऊपर एक मुखबधिर लडकी के साथ हुए जघन्य अपराध को लेकर सरकार व शासन प्रशासन ने अभी तक अभी तक कोई कार्यवाही नही की और आज भी पुलिस खाली हाथ बैठी है। इसे लेकर भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने रोष जताया ओर ज्ञापन दिया । ज्ञापन मे बताया कि आज इस आधुनिक दौर में और पूरे साधन संसाधन होने के बावजूद भी अपराधी खुले घूम रहे हैं। ऐसे में अपराधियों का मनोबल और बढेगा और फिर से एक नए कृत्य को अंजाम दे सकते हैं। भीम आर्मी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम मेघवाल ने बताया कि शहर में महिला बालिकाएं सुरक्षित नही है उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी आपकी है। जब महिलाएं व बालिकाएं जिला कलेक्टर से मिलने गयी तो उन्हें धमकाने का कार्य किया ऐसे अधिकारियों के इस तरह के बयानबाजी व अपने पद का दुरपयोग करने से साफ जाहिर हो रहा है। अलवर का शासन प्रशासन अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य कर रहे है । संगठन के महामंत्री कन्हैयालाल डामोर मे बताया कि इन सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर जरूरी आवश्यक कार्यवाही करे और साथ ही अपराधियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करें अन्यथा हमे सभी संवैधानिक शक्तियों को प्रयोग करते हुए हम प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे इसकी जिम्मेदारी सरकार ओर प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन देते समय राम दास अहारी अखिल भारतीय आदिवासी महासभा तहसील अध्यक्ष सराडा, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम तावड, भीम आर्मी कार्य करता हरीश मीणा, बाबू मीणा , सन्देश मेघवाल आदि कार्य करता मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कलेक्टर से शिष्टाचार भेंट

उदयपुर,(कासं)। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को नए जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा से शिष्टाचार भेंट की। बार एसोसिएशन के महासचिव भूपेन्द्र सिंह चुंडावत ने बताया कि कलक्टर को पदाधिकारियों ने उपरणा ओढ़ा व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्या के बारे में उनसे वार्ता की गई कहां की एसडीओ बडगांव का पद रिक्त होने से दावे दर्ज नही हो रहे है तथा एसडीओ कोर्ट जो पहले जिला कलेक्टर परिसर में संचालित होती थी वह अब बडगांव में हो रही है जिससे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पक्षकारगण एवं जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरजा शंकर मेहता ने बताया कि अधिवक्ताओं पार्किंग समस्या का सामना बहुत समय से कर रहे हैं जिसका भी निदान करना आवश्यक है। साथ ही कहां की रजिस्टार ऑफिस जो बडगाव में चल रहा है उसे भी न्यायालय परिसर के पास होना चाहिए जिससे अधिवक्ताओं एवं आम जनता को सुविधा हो सके ।

वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पकड़े

उदयपुर,(कासं)। गोगुन्दा कस्बे में महिला को बंधक बना उसके साथ मारपीक करने का वीड़ियों तैयार कर वायरल करने के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 18 जनवरी को महिला के बंधक बना वीड़ियों वायरल करने को लेकर किए गए अनुसंधान में मारूवासनिवासी तुलसीराम ने एक माह पूर्व माचडा केलवाड़ा निवासी पुष्पा पत्नी तुलसीराम के साथ नाता हुआ था। जिसे पति ने छोड़ रखा था। मामला पुलिस तक पहुंचने पर उसके बयानों के आधार पर पुष्पा को मारूवास मेरे गांव छोड़ दिया। 11 जनवरी रात में पीकअप मे आए 15 व्यक्ति जिसमें पुष्पा का पति तुलसीराम , वजेराम पुत्र तुलसीराम, फतेहपुर निवासी पुनाराम पुत्र उदा व समाज के पच थे। मेरे घर मारूवास पर आए तथा तोड़फोड़ कर मेरी पत्नी पुष्पा के साथ मारपीट की तथा हम दोनों को बंधक बना कर पिकअप में डाल कर आरोपी माचड़ा निवासी तुलसीराम के घर ले गए। जहां बंधक बना कर मारपीट करने का वीड़ियों तैयार कर वायर कर दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक डुगरसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने माचड़ा केलवाड़ानिवासी तुलसीराम पुत्र स्वरूपजी, मचिन्द खमनौर राजसमन्द निवासी गोपीलाल पुत्र भंवर, गुलाबकी पत्नी गोपीलाल को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

मलंग शाह बाबा का उर्स शुरू

उदयपुर,(कासं)। कौमी एकता व साम्प्रादायिक सौहार्द के प्रतीक हज़रत अजमेरी बेग (र.अ.) उर्फ मलंग शाह बाबा का 253वां दो दिवसीय उर्स का आगाज बुधवार को कुरआनख्वानी के के साथ शुरू हुआ। बाद नमाज़े असर अक़ीदतमंदों द्वारा परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। बाद नमाजे ईशा महफिले मिलाद में मिलाद पार्टियों ने नाअत, मनकबत पेश की। तक़रीर मेहमाने खुसूसी मुकर्रिर ज़ीवकार अल्हाज हज़रत मौलाना सूफी निसार अहमद, हाफ़ीजो क़ारी मुहम्मद रफीक मोहसिन (इंदौरी), हाफ़ीजो क़ारी मुहम्मद राशिद बरकाती व दिगर मक़ामी औलमाए किराम, आइम्माए मसाजिद, उदयपुर द्वारा तकरीर की गई व शोहरत याफ्ता नाअतख्वाँ जावेद कादरी मिलाद पार्टी व साथीयो व हाजी चांद मोहम्मद व बुलबुले बागे मदिना मोहम्मद जावेद काद्दरी (नागौर) द्वारा नातिया कलाम पेश किये गये। व जिसमे बाबा साहब की शान में तकरीर की गई देर रात सलातो सलाम के साथ मुल्क में अम्नो चेन और खुशहाली भाईचारे की दुआएं की गई। आस्ताने पर गुस्ल की रस्म बाहर से आए मेहमाने खुसूसी व मस्तान बाबा दरगाह के कारगुनो द्वारा अदा की गई।

श्रमिक से नकदी छिनने वाला पकड़ा

उदयपुर,(कासं)। शहर के हाथीपोल क्षैत्र में श्रमिक को धमका कर उससे नकदी से भरा पर्स छिनने वालो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित बोर खेड़ा नाई निवासी भेरूलाल पुत्र लक्ष्मण गमेती ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं 17 जनवरी को झरियामार्ग पर स्थित कमठाणे पर काम कर रहा था।जहां जहां अचानक आए बदमाश धमकाते हुए मुझसे पर्स छिन ले गया। जिसमें 2500 रूपये नकदी व दस्तावेज थे। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर हाथीपोल थानाधिकरी गोपाल चंदेल के नेतृत्व में एएसआई हिम्मतसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कोमी एकता नगर मल्लातलाई निवासी फरहान उर्फ बबलु व टीचर्स कॉलोनी निवासी करण को गिरफ्तार किया।

एनटीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। सायरा थाना पुलिस की टीम ने गोगुन्दा पुलिस थाने के एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार गत दिनों गोगुन्दा थाना पुलिसने कला आश्रम के सामने नाकाबंदी के दोरान कार जब्ज कर 48 किलोंग्राम अवैध डोड़ा चुरा जब्त कर रजोल कला निवासी शिवपुरा पाली निवासी लादुराम तथा बिरानी डांगीयावास निवासी विकास को गिरफ्ता किया था। इस मामले में अनुसंधान अधिकारी सायरा थानाधिकरी उमेदीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने हिंगोली भोपालगढ़ जोधपुर निवासी पूनाराम पुत्र भबूतराम को गिरफ्तार किया।

किसानों को मिलेगा अनुदान

उदयपुर,(कासं)। राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना अन्तर्गत वल्लभनगर बांध से सिंचाई करने वाले किसानों को विभाग की ओर से सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उद्यान उप निदेशक डॉ. के.एन. सिंह ने बताया कि योजना के तहत उद्यानिकी गतिविधियो- लोटनल, मल्चिंग, फर्टिगेशन, एच.डी.पी.ई. वर्मीबैड, प्रोसेसिंग इकाई, ड्रिप संयंत्र, स्प्रिकलर सयंत्र, सोलर पंपसेट स्थापना पर अधिकतम 75 प्रतिशत अनुदान देय है। राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना क्षेत्र के किसानो को 5 से 25 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान परियोजना अन्तर्गत देय है।

टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करें व मरीजों को बेहतर इलाज मिले: कलेक्टर

उदयपुर,(कासं)। जिले को क्षय रोग से मुक्त बनाने एवं इस संबंध में जिले की प्रगतिशीलता को लेकर आज जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा की अध्यक्षता में टीबी फोरम की बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर मीणा ने कहां कि फोरम का मूल उद्देश्य है टीबी के प्रति लोगों में जागरूकता लाना एवं मरीज के इलाज से लेकर उसके पुनर्वास एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना है। उन्होंने कहा कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमें खंड स्तर पर भी टीबी फॉर्म का गठन करना होगा ताकि समाज में इसके प्रति जागरूकता फैले एवं सही समय पर रोगी की पहचान एवं उपचार से इस रोग को समूल नष्ट किया जा सके। बैठक में जिले के अंतर्गत क्षय रोग संबंधित विभिन्न पहलुओं पर किए जा रहे कार्य एवं प्रगति को लेकर चर्चा हुई। बैठक में फोरम की तरफ से टीबी की रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया ताकि 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश खराडी ने जिले की प्रगति के बारे में बताया कि जिला टीबी मरीजों की दवाइयां शुरू करने से पूर्व की जाने वाली जाँचो में प्रथम स्थान पर है एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निरंतर घर घर सर्वे कर संभावित लक्षणों वाले रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र पर लाकर जांच करवाई जा रही है। राज्य सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उनके लिए पूरी टीम तत्परता से कार्य कर रही है इसके लिए निजी अस्पतालों एवं विभिन्न एनजीओ का भी सहयोग लिया जा रहा है। जल्द ही हम टीबी मुक्त उदयपुर के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होंगे।

टीबी फोरम की बैठक को जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने संबोधित किया

- **बैठक में फोरम की तरफ से टीबी की रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया ताकि 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके**

बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अंशुल मट्ठा ने बताया कि एक्टिव रोगियों की खोज हेतु अभी जिले में प्रति एक लाख लोगों पर 854 लोगों की जांच की जा रही है। जिस पर जिला कलेक्टर ने जाँचो की संख्या को बढाकर 3 हजार प्रति एक लाख तक करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला परिषद मयंक मनीष, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, डीटीओ डॉ अंशुल मट्ठा, टीबी चेस्ट रोग विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ आशुतोष एवं डॉ अक्षय व्यास, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ आनंद गुप्ता सहित विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कलेक्टर के निर्देशों के बाद वैक्सीनेशन में आई तेजी

उदयपुर,(कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशों के बाद जिले में टीकाकरण अभियान गति पर है। बुधवार को भी जिले भर में सघन टीकाकरण करवाया गया। इस दौरान जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 784 सेशन साइट्स पर टीकाकरण किया गया। टीम उदयपुर के विभिन्न विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाते हुए वेक्सीनेशन कार्य करवाया। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों, विभिन्न विद्यालयों, चिकित्सालयों तथा अन्य सरकारी संस्थानों व नरेगा साइट्स पर भी वेक्सीनेशन किया गया। जिले में वेक्सीनेशन अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के समस्त राशन डीलरों की अगुवाई में टीकाकरण करवाया जाएगा।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाषसं.0294-2421255,2420013,
Helpline no-0294-2426262,
वेबसाइट-www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2021-22/1942 दिनांक:-11-1-22

आम-सूचना

प्रार्थी माहेश्वरी पंचायत सेवा समिति निकासी जानराय जी का मन्दिर, धानमण्डी, उदयपुर ने नीचे वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौडाई सहित क्षैत्र (मीटर में)
उदयपुर	शहरी	पूर्व-रोड 9'-9" फीट पश्चिम-मकान श्री भगवती लाल उत्तर-रोड 21'-9" फीट दक्षिण-रोड 10'-6" फीट	2902.41 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है । यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम , 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

राजसमंद जिले में 145 नये संक्रमित मिले

राजसमंद, (निसं)। जिले के कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की बढती रफ्तार लगातार कायम है। पिछले करीब दो सप्ताह यानी 13 दिनों में जिले में कुल 886 नये संक्रमित सामने आए है जिनमें से 676 एक्टिव मामले है। बुधवार को जिले में कुल 145 नये कोरोना पोजिटिव सामने आए। सीएमएचओ डॉ. प्रकाशचन्द्र शर्मा के अनुसार बुधवार को प्राप्त ताजा रिपोर्ट में सामने आए 145 नये पोजिटिव में से आमेट ब्लॉक से 4, भीम ब्लॉक से 2, केलवाडा ब्लॉक 8, खमनोर ब्लॉक से 26, रेलमगरा ब्लॉक से 11, राजसमंद ब्लॉक से 10, नाथद्वारा शहरी ब्लॉक से 15, राजसमंद शहरी ब्लॉक से 69 नये करोनो संक्रमित पाए गए। जबकि रिपोर्ट में 18 से कम उम्र के 24 बच्चे संक्रमित पाए गए। वहीं जिले में अब 676 एक्टिव मामले है। इसी के साथ रिपोर्ट में जिले की डीजे कोर्ट परिसर के 13 कर्मचारी, विभिन्न थानों के 9 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजन सहित नगर परिषद सभापति अशोक टांक एवं उनकी पत्नी के भी संक्रमित पाए जाने की पुष्टि हुई है।

साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक थे प्रताप : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर,(कासं)। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 425 वीं पुण्यतिथि पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत कुल प्रमुख बी.एल. गुर्जर,रजिस्ट्रार डॉ॰ हेमशंकर दाधीच, डॉ. रचना राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड, डॉ. पारस जैन, डॉ. तरूण श्रीमाली, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, कृष्णकांत कुमावत, डॉ॰ घनश्याम सिंह भीण्डर, डॉ. नजमुद्दीन, लहरनाथ, मुर्तजा अली, खेमराज माला, सावरिया धाकड, सहित कार्यकर्ताओं ने प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।

- **प्रताप की 425 वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन**

उदयपुर में प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन करते कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व कार्यकर्ता।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रताप कुशल प्रबंधक प्रशासक के तौर पर अपना लौहा मनवाया था। मेवाड की स्वाधीनता के लिए प्रताप जीवनपर्यन्त संघर्ष करते रहे। राष्ट भक्ति में आक्रमकता, धार्मिक क्षेत्र सहिष्णुता तथा सामाजिक क्षेत्र में आत्मसात करने की प्रवृति प्रताप का मूल मंत्र था, इस मंत्र का पालन भारत के सम्पूर्ण क्रांतिकारी आंदोलन में किया गया। व्यक्ति अपने वंश के साथ अपनी त्याग की भावना का जगाता है, तभी वह गौरवशाली बनता है और प्रताप के व्यक्तित्व में ये विशेषताए नजर आती थी। प्रताप ने जिन विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए सफलता प्राप्त की, प्रताप के आदर्श एवं प्रेरणा आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत आवश्यक है।

जनसमुदाय के लिए प्रताप ने बहुत कार्य किए। उन्होने कहा कि जब प्रताप का शासन था उस समय देश में गुलामी एवं हीनता की भावना थी एवं मेवाड की स्थिति दयनीय एवं निराशावादी थी। प्रताप के समर्पण, त्याग एवं मानवीय मूल्यों का युवाओं को अनुसरण करना चाहिए कुल प्रमुख बी.एल. गुर्जर ने कहा कि प्रताप साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक थे उनकी टीम में हर जाति वर्ग के लोग थे। उन्होने कहा कि मानवीय मूल्यों का जब कभी मूल्यांकन होगा तब प्रताप का कोई स्थान नहीं ले पायेगा।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाषसं.0294-2421255,2420013,
Helpline no-0294-2426262,
वेबसाइट-www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2021-22/2075 दिनांक:-11-1-22

आम-सूचना

प्रार्थी श्री गोविंद सिंह चौहान पुत्र स्व.श्री लाल सिंह चौहान निवासी 236, नागमार्ग, चांदपोल बाहर, उदयपुर ने नीचे वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौडाई सहित क्षैत्र (मीटर में)
उदयपुर	शहरी	पूर्व-मकान श्रीमती मधुबाला पश्चिम-मकान श्री मुश्ताक अहमद उत्तर- रोड दक्षिण-मकान श्री इश्तियाक	1091.75 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है । यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम , 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

सुविवि. विवाद ने लिया राजनीतिक रूप: भाजपा का कलेक्ट्री पर प्रदर्शन

उदयपुर,(कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय में सोमवार को निजी कॉलेज संचालकों की बैठक में हंगामे के बाद इस विवाद ने दो दिनों से राजनीतिक रूप ले लिया है। बुधवार को भाजपा ने जिला कलक्ट्री पर प्रदर्शन किया वहीं अलग-अलग संगठन कुलपति व रजिस्ट्रार के समर्थन में उतर आए है। वहीं जनता सेना ने कुलपति का समर्थन करते हुए कहा कि कटारिया निजी खुन्नस निकालने के लिए युनिवरसिटी को राजनीतिक का अखाड़ा बना रहे है।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार सीआर देवासी व वित्त नियंत्रक दलपत सिंह के साथ निजी कॉलेज संचालकों द्वारा सोमवार को हुई धक्का मुक्की व अभद्रता के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में सुविवि कुलपति ने बयान जारी कर कहा कि यदि किसी भी रूप में मेरी भूमिका इसमें पाई जाती है तो मैं अपने पद से त्यागपत्र दे दूंगा। वहीं कुलपति ने कहा कि निजी कॉलेजों से जीएसटी लेने के प्रकरण में सरकार जो भी आदेश देगी उसकी पालना की जाएगी। इसके बावजूद भी यह मामला बढ़ता जा रहा है। दूसरे दिन भाजपा ने जिला कलक्ट्री पर प्रदर्शन किया। सुखाडिया विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय में मनमानी एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर त्वरित कठोर कार्यवाही हेतु भाजपा शहर जिला उदयपुर, विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने कलेक्ट्री के सम्मुख जिला अध्यक्ष रविद्र श्रीमाली के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन प्रेषित किया। सुविवि में रजिस्ट्रार व वित नियंत्रक के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरुद्ध सुखाडिया विवि शैक्षिक संघ के बैनरतले शिक्षको ने प्रशासनिक भवन के बाहर इकठ्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया द्वारा रजिस्ट्रार का बचाव और सुविवि कुलपति अमरिका सिंह का विरोध करने पर जनता सेना ने भी अपनी चुप्पी तोडी है। बुधवार शाम जनता सेना के प्रदेश संयोजक मांगीलाल जोशी ने कटारिया पर हमलावर होते हुए सवाल किया कि विश्वविद्यालय को राजनीति का अखाडा बनाने के पीछे कहीं कटारिया का मकसद प्रो सिंह से प्रतिशोध लेना तो नहीं है। गौरतलब है कि कटारिया द्वारा महाराणा प्रताप पर अभद्र टिप्पणी पर प्रतिक्रिया में कुलपति ने कटारिया पर तीक्ष्ण शाब्दिक प्रहार करते हुए अपने आक्रोश भर तेवर दिखाए थे। जोशी ने कहा कि मैं गवाह हूँ कि विश्वविद्यालय के मामलों में नेता प्रतिपक्ष कटारिया ने अपने जीवन मे कभी रुचि नहीं ली किंतु महाराणा प्रताप मामले में जिस तरह प्रो सिंह ने कटारिया की आलोचना की थी, लगता है कटारिया उसके प्रतिशोध के इंतजार में ही बैठे थे। और जब यह मामला आया तो कटारिया ने लाव लश्कर सहित पूरा भाजपाई महकमा सिंह के पीछे लगा दिया। दूसरा ,जोशी ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि चंपा बाग वाले मामला भी कटारिया की भूमिका सवाल खडे करती हैं। कटारिया चंपा बाग मामले में प्रो सिंह का कोई हस्तक्षेप नहीं चाहते हैं, सम्भवतया रजिस्ट्रार देवासी और कटारिया की चंपा बाग मामले में कुछ जुगलबंदी है जिस पर बौखलाहट में कटारिया ने संगठन का दुरुपयोग करते हुए पूरी कटारिया प्राइवेट लिमिटेड पार्टी को प्रो सिंह के खिलाफ उतार दिया।

उदयपुर में सुविवि विवाद ने बुधवारद को राजनीतिक रूप ले लिया। भाजपा ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया।

गोगुन्दा से माउंट आबू के बीच पहाड़ियों में मिली जड़ी बुटियों से बनाया 'वैदिक कावा'

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर जिले के गोगुन्दा से माउंट आबू के बीच स्थित अरावली पहाड़ियों पर मिली जड़ी बूटियों से 'वैदिक कावा' बनाया गया है। यह कावा कई बीमारियों की रोकथाम व उपचार में भी सहायक सिद्ध होगा। वहीं शरीर की इम्युनिटी क्षमता को भी बढ़ाएगा। दैत्य मगरी स्थित कला आश्रम में कावा बनाने वाले डॉ. दिनेश खत्री व डॉ. सरोज शर्मा ने बताया कि वे वर्ष 2014 से आयुर्वेद व योगा के क्षेत्र में कार्यरत है और कोरोना के दौरान जब उन्हें लगा कि लोगों में इम्युनिटी क्षमता को बढ़ाने व आयुर्वेदिक पद्धति से शरीर की बीमारियों से लड़ने के लिए देश में मौजूद जड़ी बुटियां काफी कारगर रहती है तो उन्होंने इन जड़ी बुटियों से मिश्रण से कावा बनाया जो शरीर की कई बीमारियों से लड़ने में सहायक सिद्ध हो रहा है। यह वैदिक कावा गोगुन्दा से माउंट आबू की पहाड़ियों में मौजूद बिल्व पत्र, वासा, खाकरा, आंवला आदि जड़ी बुटियों के मिश्रण से तैयार किया गया है। इसे निशुल्क कई गांवों में भी लोगों को वितरित किया गया है। इसके अलावा टी-टेन्ट्रम के वेलनेस उत्पादों में सभी घटक ग्रीन-टी के साथ बनाए गए है जो पारंपरिक पद्धति से मुन्नार एवं असम की पहाड़ियों में पैदा होती है। इसकी विशेषता यह है कि यह एंटी आक्सीडेन्ट से भरपूर होते है। इस वैदिक कावे का 21 जनवरी को ऑनलाईन/वर्चुअल लॉचिंग किया जाएगा।

- **कोविड काल में गांवों में शिविर लगाकर लोगों को पिलाया**
- **21 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनावरण, विदेशों में भी मिल सकेगा**

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाषसं.0294-2421255,2420013,
Helpline no-0294-2426262,
वेबसाइट-www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2021-22/2015 दिनांक:-11-1-22

आम-सूचना

प्रार्थी श्री शालीन देवपुरा, श्री विनय देवपुरा पिता स्व.श्री श्याम सुन्दर देवपुरा निवासी 10, श्याम भवन, मीणा घाटा, उदयपुर ने नीचे वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौडाई सहित क्षैत्र (मीटर में)
उदयपुर	शहरी	पूर्व-गली 5 फीट पश्चिम-रोड 32 फीट उत्तर-मकान श्री राजमल जरवर दक्षिण-मकान श्री अशोक मीणा	1167.2 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है । यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम , 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

'विश्व में मेवाड़ का अलग ही वर्चस्व'

उदयपुर,(कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में प्रात: स्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारूढ प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्र कल्याण अधिकारी डॉक्टर मुर्तजा अली सालोदा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमपीयूएटि के कुलपति डॉक्टर नरेंद्र सिंह राठौड ने सर्वप्रथम महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विवि का नामकरण वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर रखा गया है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित कोविड प्रोटोकोल के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित उच्चाधिकारियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों से आव्हान किया कि हमें महाराणा प्रताप के नामरूप के अनुसार अपने विवि की गरिमा को बनाना है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर अपना चरित्र निर्माण करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए।उन्होंने विविध पहलुओं से प्रताप की चारित्रिक विशेषताओं को समझाया और बताया कि प्रताप की उर्जस्विता के कारण संपूर्ण विश्व में मेवाड का अपना एक अलग ही वर्चस्व है, लोग उदयपुर की धरती को सम्मान से देखते हैं। डॉ.सालोदा ने बताया कि इस अवसर पर कोविड प्रोटोकॉल के मद्देनजर केवल विवि के उच्च अधिकारी एवं कतिपय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्र छात्राएं एवं सीमित संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित थे सभी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

- **प्रताप की पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष पुष्पाजंलि**